जिंदगी फाउंडेशन प्रेसिडेंट सरोजा कडूर ने जनता से सुरक्षित दीपावली मनाने की अपील की

ईको फ्रेंडली पटाखे के प्रयोग एवं खुले स्थानों में पटाखे जलाने की दी नसीहत

दमण। दमण की सामाजिक संस्था जिंदगी फाउंडेशन ने प्रदेशवासियों को दिपावली की शुभकामना दी है। इस अवसर पर आने वाले दिपावली पर्व के मद्देनजर जिंदगी फाउंडेशन की प्रेसिडेंट सरोजा कडूर ने जनता से सुरक्षित दिपावली मनाने की अपील की है। उन्होंने प्रदेशवासियों से निवेदन किया है कि दिपावली पर्व पर जलाये जाने वाले पटाखों में ईको फ्रेंडली पटाखों का ही उपयोग करें। जिससे पर्यावरण भी सुरक्षित रह सकें और ध्वनि प्रदूषण को भी कम किया जा सकें। सरोजा कडूर ने कहा कि छोटे बच्चे जब भी पटाखा जलाये उनके साथ उनके अभिभावक जरूर रहे ताकि किसी तरह की कोई अनहोनी न हो सकें। उन्होंने आम नागरिकों से निवेदन किया है कि सावधानीपूर्वक पटाखे जलाये। पेट्रोल पंप या पार्किंग वाले

स्थान से दूरी बनाकर ही पटाखे जलाये जाएं। जहां तक हो सके तो खुले मैदान में ही पटाखे जलाये और इंडियन पटाखों का ही प्रयोग करें। साथ ही उन्होंने हाथ में लेकर पटाखे न जलाने का भी निवेदन किया है।